RAF SECTOR

NEWS CLIP

14/12/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala, Balrampur (U.P)

धार्मिक स्थलों व स्कूलों का भ्रमण करेगी आरएएफ

पहले दिन भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के कई स्थलों का किया निरीक्षण, लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। प्रयागराज के आरएएफ कंपनी बी91 की टीम बुधवार को जिले में पांच दिवसीय भ्रमण पर पहुंची है। टीम के सदस्यों ने जिले के धार्मिक स्थलों व स्कूलों का भ्रमण किया। पांच दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आरएएफ की टीम मार्च निकालकर लोगों को शांति का संदेश देंगे। पहले दिन के भ्रमण में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के कई स्थलों का टीम ने निरीक्षण कर जायजा लिया।

टीम के प्रभारी डिप्टी कमांडेंट रवींद्र सिंह, सहायक कमांडेंट अरविंद आजाद, श्याम वर्मा व पीआरओ शैलेंद्र एवं आरएएफ जवानों ने पांच दिवसीय जनपद भ्रमण के पहले दिन भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति के संबंध में विचार साझा किए। पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम मंदिर, नूरी मस्जिद, रेलवे स्टेशन, मदरसा फजले रहमानिया, विमला विक्रम डिग्री कालेज, एसएसबी 50वीं बटालियन कंपनी मुख्यालय त्रिलोकपुर, एसएसबी बीओपी मजगवां नेपाल बार्डर, कोतवाली गैसड़ी के तहत रेलवे स्टेशन, चित्तौड़गढ़ बांध, एसएसबी 9वीं वाहिनी, डीओपी, रजडेरवा, सोनगढ़ा नेपाल बार्डर, कोतवाली जरवा के 9वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय, जरवा, कोयलाबास, नेपाल के जनकपुर मंदिर व वन विश्राम गृह कोतवाली जरवा का भ्रमण किया। टीम ने भ्रमण के दौरान तीनों थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रुट मार्च किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने पौधरोपण भी किया। टीम के सदस्य 15 दिसंबर तक जिले भर के धार्मिक स्थलों, स्कूलों व अन्य संस्थानों का निरीक्षण कर जागरूकता अभियान चलाएंगे।

बलरामपुर के पचपेड़वा क्षेत्र में निरीक्षण करते आरएएफ जवान।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।